रणवीर सिंह से अपने रिश्ते पर दीपिका पादुकोण ने किया फनी पोस्ट

कई बार प्यार में ठोकर खाने और इमोशनल चैलंज से गुजरने के बाद दीपिका पादुकोण को रणवीर सिंह के रूप में अपना जीवनसाथी मिला। दीपिका कई बार जाहिर कर चुकी हैं कि रणवीर उनकी जिंदगी में कई पॉजिटिव बदलाव लेकर आए हैं। अगर इनके रिश्ते पर नजर डाली जाए तो आमतौर पर सीरियस पोस्ट करने वाली दीपिका अब अक्सर फनी पोस्ट भी करने लगी हैं और तो और ये ज्यादातर उनके पति के लिए होते हैं। एक बार फिर इस बीटाउन हसीना ने अपने और रणवीर के रिश्ते को लेकर फनी फोटो और कैप्शन शेयर किया।

दीपिका ने एक कार्टून इंस्टाग्राम पर शेयर किया है जिसमें प्यार में डूबे मेल और फीमेल खरगोश बात करते दिखाई दे रहे हैं। इनमें से जब एक खरगोश कहता है कि वह पूरी जिंदगी उसके साथ सुबह जागना चाहता है तो फीमेल खरगोश कहती है कि वह सुबह पांच बजे उठती है। यह सुनते ही मेल खरगोश हाथ छोड़कर वहां से भागने लग जाता है। इस फनी फोटो को शेयर करते हुए दीपिका ने लिखा, हम भी और इसके साथ रणवीर सिंह को टैग किया। फैन्स कॉमेंट के जरिए अंदाजा लगाते और सवाल करते दिखे कि क्या यह पोस्ट उनके रिलेशनशिप पर है या फिर दोनों को सुबह 5 बजे उठने की आदत है। पहले भी शेयर किया कार्टून

कुछ दिन पहले ही दीपिका ने एक और फनी कार्टून शेयर किया था। इसमें एक लड़का-लड़की खाते हुए दिखाई देते हैं। लड़का अपना खाना खत्म कर देता है लेकिन लड़की का आधे में ही पेट भर जाता है। इसके बाद वह लड़के से मुंह खोलने को कहती है और अपनी पूरा खाना उसे खिला देती है। दीपिका ने इसके जरिए बताया कि वह भी रणवीर के साथ ऐसा ही करती हैं। इस पर रणवीर ने भी रिऐक्शन दिया था। वैसे दीपिका के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह मेघना गुलजार की फिल्म छपाक में नजर आएंगी। इसके साथ ही उन्होंने लंदन में रणवीर सिंह के साथ फिल्म 83 की शूटिंग पूरी की है। ये दोनों फिल्म अगले साल रिलीज होंगी।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सोनम कपूर ने बताया, मिलने से पहले ही कैसे उनकी जिंदगी में आनंद नाम था लकी

कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म द जोया फैक्टर में वह इंडियन क्रिकेट टीम की लकी चार्म बनी हैं लेकिन असल जिंदगी में वह आनंद को अपना लकी चार्म मानती हैं। मजेदार बात है कि यह आनंद उनके पति आनंद आहूजा नहीं बल्कि उनके मिलने से पहले ही यह नाम उनके लिए लकी रहा है।

हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सोनम ने बताया कि सिर्फ मेरे पति आनंद ही नहीं बल्कि आनंद नाम ही मेरे लिए लकी है। वह आगे बताती हूं, मेरी पहली फिल्म रांझणा जिसने मेरे बारे में लोगों का नजरिया बदल दिया वह आनंद एल राय ने डायरेक्ट की थी। यह तो सबको पता है कि इसके बाद उनका करियर ग्राफ बढ़ता गया। उन्हें खूबसूरत, भाग मिल्खा भाग, पैडमैन जैसी फिल्में मिली जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की। इसके बाद वह बताती हैं कि कैसे नीरजा भी राजेश खन्ना की आनंद की वजह से हिट साबित हुई थी। सोनम बताती हैं, राजेश खन्ना की फिल्म आनंद मेरी फेवरिट फिल्मों में से एक है। दरअसल नीरजा अमिताभ बच्चन की फैन थीं लेकिन हमने फिल्म में आनंद को लिया। फिल्म का पहला और आखिरी डायलॉग इसी का था। सोनम बताती हैं कि फिल्म के प्रमोशन के दौरान ही वह आनंद आहूजा से मिली थीं। वह कहती हैं कि उनके पति आनंद आहूजा उनके लिए लकी हैं। उनकी तरह लाइफ पार्टनर मिलना वरदान से कम नहीं है।

साड़ी में भी बेहद हॉट ऐंड सेक्सी नजर आई कंगना

कंगना रनौत अपने ग्लैमरस अंदाज के लिए जानी जाती हैं। इसी के साथ वह अपने फैशन के लिए भी खास पहचान रखती हैं। इस बार जब वह बैंकॉक में एक अवॉर्ड शो का हिस्सा बनने पहुंची तो वहां के लिए उन्होंने जो लुक चुना वह ट्रडिशनल तो था लेकिन उसका जो स्टाइल था वह उन्हें बेहद हॉट ऐंड सेक्सी लुक दे रहा था।

कंगना ने तरुण तहलानी की डिजाइन की हुई गोल्डन शिमरी साड़ी पहनी थी। इसे उन्होंने कॉर्सेट स्टाइल के स्वीटहार्ट नेकलाइन ब्लैक ब्लाउज के साथ पहना था। कंगना के बालों को इस तरह स्टाइल किया गया था कि उनकी नेक और शोल्डर हाइलाइट हो रहे थे। गोल्डन साड़ी के साथ सेक्सी ब्लाउज का कॉम्बिनेशन कंगना को सुपर हॉट लुक दे रहा था। साड़ी का रंग और स्वीटहार्ट नेक वाला ब्लैक लेस ब्लाज विद गोल्डन बोर्डर उनके स्किन पर परफेक्ट लग रहा था। वैसे बता दें कि कंगना बैंकॉक में मिलेनियम ब्रिल्यन्स अवॉर्ड 2019 में बतौर चीफ गेस्ट बनकर पहुंची थीं। उनके इस शानदार लुक के फोटोज को टीम कंगना ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

वर्क फ्रंट की बात करें तो कंगना रनौत फिल्म पंगा और जयललिता पर बन रही बायोपिक फिल्म में नजर आएंगी। पंगा में उनके साथ रिचा चड्ढा स्क्रिन शेयर करेंगी। यह मूवी 10 जनवरी 2020 को रिलीज होगी। इसके साथ ही वह फिल्म धाकड़ में भी लीड रोल निभाती दिखेंगी।